मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल 462003 (म.प्र.) भारत
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)
Maulana Azad National Institute of Technology Bhopal 462003(M.P.)India
(An Institution of National Importance, under Ministry of Education, Govt. of India)

क्रमांक / स्था. / राजभाषा / 2026 / 488 दिनांक : 21 / 04 / 2026

# // परिपत्र //

भारत शासन की राजभाषा नीति के अनुपालन में संस्थान में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही (01.03.2026 से 31.03.2026) बैठक दिनांक 25.03.2026 को निदेशक कार्यालय के स्वामी विवेकानंद अभिषद् कक्ष में आयोजित की गई थी। सक्षम प्राधिकारियों द्वारा अनुमोदित कार्यवृत्त की प्रति संलग्न है। कृपया सभी विभागाध्यक्ष / संकायाध्यक्ष / अनुभागाध्यक्ष / केन्द्राध्यक्ष एवं शैक्षणिक / गैर शैक्षणिक अधिकारी / कर्मचारी उनसे संबंधित राजभाषा हेतु लिये गये निर्णयों का पालन सुनिश्चित करें।

**संलग्न** : कार्यवृत्त।

गौरव द्विवेदी
संयोजक राजभाषा

**प्रतिलिपिः**

1. समस्त संकायाध्यक्ष।
2. समस्त विभागाध्यक्ष।
3. समस्त अनुभागीय अधिकारी / प्रभारी।

(1–3) को अधीनस्थ शैक्षणिक / गैर शैक्षणिक कर्मचारियों के सूचनार्थ एवं अनुपालन हेतु।

4. डॉ सविता दीक्षित, प्राध्यापक, रसायन शास्त्र विभाग एवं परामर्शदात्री राजभाषा समिति, मेनिट भोपाल।
5. प्रभारी, वेबसाइट अपलोड हेतु।
6. निज सहायक कुलसचिव, कुलसचिव महोदय को सूचनार्थ।
7. निज सहायक निदेशक, निदेशक महोदय को सूचनार्थ।

क्रमांक स्था./राजभाषा/2026/ 488 दिनांक:21.../04/2026

## // बैठक के कार्यवृत्त //

संस्थान में भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुपालन एवं कार्य के क्रियान्वयन के संबंध में संस्थान राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2025-26 की अंतिम तिमाही (01.03.2026 से 31.03.2026 तक) की बैठक दिनांक 25.03.2026 को संस्थान के निदेशक कार्यालय के स्वामी विवेकानंद अभिषद कक्ष में आयोजित हुई। संस्थान द्वारा हिन्दी में कार्य प्रगति पर संस्थान राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष (प्रभारी निदेशक) महोदय द्वारा चर्चा की गई:-

समिति द्वारा की गई चर्चा में निम्न बिन्दुओं पर विचार विमर्श कर निष्कर्ष निकाला है जिन पर राजभाषा नीति के अनुसार कार्यवाही अपेक्षित है: -

1. संस्थान राजभाषा कार्यान्वयन समिति के संयोजक द्वारा समस्त समिति सदस्यों का स्वागत किया गया एवं पिछली बैठक के कार्यवृत पर कार्यवाही प्रकाश डाला गया और आदरणीय प्रभारी निदेशक महोदय एवं कुलसचिव महोदय द्वारा इसकी समीक्षा की गई।
2. सभी विभागाध्यक्ष/अनुभागाध्यक्ष द्वारा अपने विभाग/अनुभाग में प्रतिदिन सुविचार लिख रहे कर्मचारी/कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र देने एवं यह जानकारी संस्थान के राजभाषा प्रकोष्ठ को प्रदान कराने का अनुरोध किया गया।
3. 27/03/2026 को “राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन” विषय पर आयोजित होने वाली कार्यशाला में प्रत्येक विभाग से ज्यादा से ज्यादा कर्मचारियों/अधिकारियों को भाग दिलवाने का अनुरोध किया गया।
4. संस्थान राजभाषा कार्यान्वयन समिति की परामर्शदात्री प्रो. सविता दीक्षित ने क्षितिज पत्रिका के द्वितीय अंक की प्रिंट प्रति के तैयार होने की जानकारी दी, प्रभारी निदेशक महोदय एवं समस्त सदस्यों ने इसकी प्रशंसा की।
5. संस्थान राजभाषा कार्यान्वयन समिति के संयोजक श्री गौरव द्विवेदी ने जनवरी में हुए राजभाषा के निरीक्षण का वर्णन किया एवं निरीक्षण के प्रतिवेदन के कुछ बिन्दुओं पर कुलसचिव महोदय ने प्रकाश डाला।

निरीक्षण प्रतिवेदन के संदर्भ में :

(i) यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग, विद्युतीय अभियांत्रिकी विभाग तथा पुस्तकालय अनुभाग ने सूचित किया कि आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही कर ली गई है।

(ii) पुस्तकालय अनुभाग से अनुरोध किया गया कि शैक्षणिक पुस्तकों पर किए गए व्यय को अलग रखते हुए, शेष पुस्तकों में से कम से कम 50% पुस्तकें हिंदी में क्रय की जाएँ।

(iii) सभी विभागों/अनुभागों को उनके लिए लागू बिंदुओं पर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु अनुरोध किया गया।

सतेश

6. संस्थान राजभाषा कार्यान्वयन समिति के संयोजक श्री गौरव द्विवेदी ने संस्थान की वेबसाइट पर राजभाषा प्रकोष्ठ का एक अलग से टैब बनाने एवं उसमें आवश्यक जानकारी दर्शाने को कहा।

7. निरीक्षण प्रतिवेदन में बताए अनुसार वेबसाइट को पहले हिन्दी में खुलने तथा फिर अंग्रेजी में आने के लिए ऑप्शन होने का प्रस्ताव रखा गया।

8. राजभाषा से संबंधित कार्यशाला को हर तिमाही में प्रत्येक विभाग द्वारा वर्णमाला के क्रमानुसार विभागों की सूचि संलग्न है, तदनुसार अप्रेल से जून 2026 की तिमाही की कार्यशाला **वास्तुकला और योजना विभाग** द्वारा करायी जाएगी।

9. राजभाषा के पत्राचार से संबंधित पिछली तिमाही के प्रतिवेदन (आंकडों) को अगली तिमाही में रखा जाए।

10. प्रत्येक विभागाध्यक्ष/अनुभाग प्रमुख अपने-अपने विभाग/अनुभाग से एक अधिकारी/कर्मचारी को राजभाषा नोडल अधिकारी/कर्मचारी के रूप में नामित करेंगे, जो राजभाषा से संबंधित विषयों में राजभाषा प्रकोष्ठ के साथ समन्वय स्थापित करेगें।

11. सभी प्रतिभागियों से अनुरोध किया गया कि वे SAMARTH पोर्टल की फ़ाइल पर अपने टिप्पणियाँ/नोट यथासंभव हिंदी में दर्ज करें।

12. संस्थान की ओर से यह अनुरोध किया गया कि अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में एक शोध-पत्र हिंदी भाषा में प्रस्तुत किया जाए।

13. राजभाषा में किए गए पत्राचार का विवरण दर्शाते हुए मासिक सारांश संधारित किया जाए।

14. बैठक के अंत में संस्थान की राजभाषा समिति की परामर्शदात्री प्रो. सविता दीक्षित के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।

गौरव द्विवेदी 10/04/26
उप-कुलसचिव (स्था.)
संयोजक, राजभाषा

परामर्शदात्री, राजभाषा

कुलसचिव
उपाध्यक्ष, राजभाषा

निदेशक
अध्यक्ष, राजभाषा

बिन्दु क्रमांक 08 के संबंध में विभागों के नामों की सूची निम्नलिखित है।

| | |
|---|---|
| 1 | Architecture & Planning /वास्तुकला एवं योजना |
| 2 | Biological Science and Engineering/जीव विज्ञान एवं अभियांत्रिकी |
| 3 | Centre of Artificial Intelligence/ कृत्रिम बुद्धिमत्ता केंद्र |
| 4 | Centre of Excellence in Product Design and Smart Manufacturing/ उत्पाद डिजाइन और स्मार्ट विनिर्माण में उत्कृष्टता केंद्र |
| 5 | Chemical Engineering/ रासायनिक अभियांत्रिकी |
| 6 | Chemistry/ रसायन विज्ञान |
| 7 | Civil Engineering/ जनपद अभियांत्रिकी |
| 8 | Computer Science and Engineering/ कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग |
| 9 | Electrical Engineering/ विद्युतीय अभियांत्रिकी |
| 10 | Electronics and Communication Engineering/ इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार अभियांत्रिकी |
| 11 | Energy Science and Engineering/ ऊर्जा विज्ञान और अभियांत्रिकी |
| 12 | Huminities and Social Science/ मानविकी और सामाजिक विज्ञान |
| 13 | Management Studies/ प्रबंधन अध्ययन |
| 14 | Material and Metrological Engineering/ सामग्री एवं धातुकर्म अभियांत्रिकी |
| 15 | Mathmetics Bioinformation & Computer Applications/ गणित, बायोइन्फोर्मैटिक्स एवं कम्प्यूटर अनुप्रयोग । |
| 16 | Mechanical Engineering/ यांत्रिक अभियांत्रिकी |
| 17 | Physics/ भोतिक विज्ञान |